राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3823

28 मार्च, 2018 को उत्तर के लिए

लौह अयस्क का उत्पादन

3823. डा. के. वी. पी. रामचन्द्र रावः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि देश में लौह अयस्क का उत्पादन इस्पात उद्योग की आवश्यकता से ज्यादा है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस्पात को नियंत्रण मुक्त क्षेत्र में क्यों रखा है और इसकी भूमिका को समन्वयक तक क्यों सीमित रखा है जबकि देश में इस्पात का उपयोग निरंतर बढ़ रहा है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क): घरेलू इस्पात उद्योग द्वारा लौह अयस्क की वर्तमान माँग/खपत को पूरा करने के लिए लौह अयस्क का उत्पादन पर्याप्त है।

(ख): इस्पात उद्योग को दक्ष और प्रतिस्पर्धी बनाने के उद्देश्य से जनवरी, 1992 में इस्पात क्षेत्र को नियंत्रणमुक्त बनाया गया था। इस क्षेत्र में निवेश संबंधी निर्णय सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में व्यक्तिगत कंपनियों द्वारा वाणिज्यिक सोच-विचारों और बाजार गतिशीलता के आधार पर लिए जाते हैं।

*****